दिन–बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से स्वच्छता को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। दस हजार करोड़ रुपये की विभिन्न स्वच्छता परियोजनाओं का किया उद्घाटन।

02. मुजफ्फरपुर जिले में बाढ़ राहत सामग्री ले जा रहे वायु सेना के एक हेलीकॉप्टर की औराई में इमरजेंसी लैंडिंग। पायलट सहित वायु सेना के सभी चार जवान सुरक्षित।

03. केन्द्र सरकार ने बाढ़ की आपदा से निपटने के लिए बिहार को छह सौ पचपन करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की। केन्द्रीय टीम जल्द ही राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का करेगी दौरा।

04. और, चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने नये राजनीतिक दल जन सुराज पार्टी के गठन की घोषणा की। कहा– पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर अपने उम्मीदवार देगी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता की प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के प्रण लें। श्री मोदी स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल पन्द्रह दिनों में देश में सत्ताईस लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अट्ठाईस करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है।

–––बाईट–––

जिस भारत का सपना गांधी जी और देश की महान विभूतियों ने देखा था वह सपना हम सब मिलकर के पूरा करें आज का दिन हमें यह प्रेरणा देता है। आज दो अक्टूबर के दिन मैं कर्तव्यबोध से भी भरा हुआ हूं, और उतना ही भावुक भी हूं। आज स्वच्छ भारत मिशन को, उसकी यात्रा को 10 साल के मुकाम पर हम पहुंच चुके हैं यह यात्रा करोडों भारत वासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

श्री मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन को विश्व का सबसे बड़ा और इस सदी का सबसे सफल और वृहद जन आंदोलन बताया।

———बाईट———

आज से एक हजार साल बाद भी जब 21वीं सादी की भारत का अध्ययन होगा तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जन भागीदारी वाला, जन नेतृत्व वाला जन आंदोलन है।

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता और साफ–सफाई से जुड़ी लगभग दस हजार करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। इधर, बेगूसराय में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

———बाईट———

आकाशवाणी पटना में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत संस्थान के पदाधिकारियों और कर्मियों ने श्रम दान कर स्वच्छता का संकल्प लिया। इस अवसर पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया गया। जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

———————————————————————————

और अब प्रस्तुत है स्वच्छता ही सेवा श्रृंखला के तहत आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज की कड़ी में औरंगाबाद जिले से एक रिपोर्ट–

———बाईट———

औरंगाबाद के शशिकांत ओझा लोहे और स्टील के कबाड़ से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों का निर्माण कर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को बढ़ावा दे रहे हैं । श्री ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रभावित होकर वे अपने मिशन में जुटे हैं।

———बाईट–ओझा———

श्री ओझा की कलाकृतियां इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि बेकार पड़ी वस्तुओं को किस प्रकार बेशकीमती और मनमोहक बनाया जा सकता है। पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान ,औरंगाबाद के सत्येंद्र नारायण सिन्हा पार्क, जमशेदपुर के जुबली पार्क में लगी ऐसी कलाकृतियां स्वच्छता की सेवा के साथ–साथ मेक इन इंडिया के सपने को साकार कर रही हैं। औरंगाबाद से आकाशवाणी समाचार के लिए कमल किशोर।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जी और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। पटना में आयोजित अलग–अलग राजकीय समारोहों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी जी और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। पटना स्थित इनर्जी इंटरनेशनल के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया और प्रभात फेरी निकाली गयी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर पटना के गर्दनीबाग में नवनिर्मित बापू टावर का लोकार्पण किया। बापू टावर में महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा बिहार से गांधी जी के लगाव को प्रदर्शित किया गया है। बापू टावर में कई गैलरी, सभागार और आडियो विजुअल थियेटर मौजूद हैं। कुल छह एकड़ भूमि में बने बापू टावर के निर्माण पर एक सौ उनतीस करोड़ रुपए की लागत आयी है।

———————————————————————————

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने नये राजनीतिक दल जन सुराज पार्टी के गठन की घोषणा की है। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर अपने उम्मीदवार देगी।

———बाईट———

श्री किशोर ने मनोज भारती को पार्टी का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया। मनोज भारती भारतीय विदेश सेवा में अधिकारी रह चुके हैं। उन्होंने चार देशों में भारत के राजदूत के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले में बाढ़ राहत सामग्री ले कर जा रहे वायु सेना के एक हेलीकॉप्टर की औराई क्षेत्र में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। आकाशवाणी से बातचीत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि पायलट सहित वायु सेना के चार जवानों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पायलट और घायल जवानों को इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेलीकॉप्टर बाढ़ प्रभावित सीतामढी जिले के लिए उड़ान पर था और राहत सामग्री ले जा रहा था।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने बिहार को बाढ़ की आपदा से निपटने के लिए छह सौ पचपन दशमलव छह करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि जल्द ही केन्द्रीय टीम बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा कर बाढ़ हुये नुकसान का आकलन करेगी। इस टीम में कृषि मंत्रालय समेत अन्य मंत्रालयों के अधिकारी शामिल रहेंगे। इधर, राज्य के बाढ़ प्रभावित दुर्गम हिस्सों में वायु सेना के हेलीकॉप्टरों

की मदद से राहत अभियान चलाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। सत्रह जिलों की लगभग पन्द्रह लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में आ चुकी है। एक रिपोर्ट –

–––रिपोर्ट–––

बिहार का शोक कही जाने वाली कोसी से आई बाढ़ ने इस वर्ष तबाही का जो मंजर उत्पन्न किया है उसने कुसहा त्रासदी की याद ताजा कर दी है। बाढ़ के कारण सीतामढ़ी, दरभंगा, सहरसा और पश्चिमी चंपारण जिले में कई हिस्सों में सभी प्रकार की सड़कें बह गई है। इससे राहत कार्य चला रही टीमों को बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचने में काफी कठिनाई हो रही है, बड़ी संख्या में बाढ़ पीड़ित खुले आसमान के नीचे बिना खाना, पानी, दावाओँ और अन्य राहत सामग्री के डेरा डाले हुए हैं। बाढ़ पीडितों की मदद के लिए बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन आगे आए हैं। भाजपा ने एक लाख परिवारों तक राहत पैकेज पहुंचाने का संकल्प लिया है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार, पटना।

इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा राजस्व और भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने सहरसा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा किया और अधिकारियों को बचाव तथा राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिये।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भूमि सुधार और राजस्व विभाग के मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जिन अंचलों में दाखिल–खारिज, परिमार्जन और अन्य विभागीय कार्य लम्बित हैं, वहां एक से अधिक अंचलाधिकारी की नियुक्ति की जायेगी। बांका में पत्रकारों से बातचीत में डॉक्टर जायसवाल ने यह जानकारी दी।

–––बाईट–––

डॉक्टर जायवाल ने कहा कि अभी उन्हीं रैयतों की भूमि का सर्वे होगा, जिनके पास सभी कागजात उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से सर्वे को लेकर गुमराह नहीं होने की अपील की।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने आज बक्सर के चौसा में निर्माणाधीन बिजली संयंत्र का निरीक्षण किया। श्री मीणा ने कहा कि अगले वर्ष जनवरी तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

गया का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज संपन्न हो गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया।

–––बाईट–––

पितृपक्ष के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने सुख शैय्यादान और पिंडदान कृ पितरों को विदाई दी। ऐसी मान्यता है कि जो लोग पिंडदान नहीं कर पाते हैं, वे अमावस्या के दिन फल्गु नदी के पवित्र नदी के जल से स्नान कर सभी पितरों के नाम से तर्पण और जलदान करते हैं, जिससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मान्यता के चलते आज मोक्ष नगरी में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पंद्रह दिनों के इस विश्व प्रसिद्ध मेले में देश–विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और अपने साथ गयाजी की यादों को संजोकर ले गये। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव के पास एक कार और ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। इधर, गया के महेश्वर घाट पर फल्गु नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। वहीं, मुंगेर जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में डूबने की घटना में दो युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से स्वच्छता को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। दस हजार करोड़ रुपये की विभिन्न स्वच्छता परियोजनाओं का किया उद्‌घाटन।

02. मुजफ्फरपुर जिले में बाढ़ राहत सामग्री ले जा रहे वायु सेना के एक हेलीकॉप्टर की औराई में इमरजेंसी लैंडिंग। पायलट सहित वायु सेना के सभी चार जवान सुरक्षित।

03. केन्द्र सरकार ने बाढ़ की आपदा से निपटने के लिए बिहार को छह सौ पचपन करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की। केन्द्रीय टीम जल्द ही राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का करेगी दौरा।

04. और, चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने नये राजनीतिक दल जन सुराज पार्टी के गठन की घोषणा की। कहा– पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर अपने उम्मीदवार देगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।